# लखनऊ विश्वविद्यालय

लखनऊ, उ0प्र0—226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412


संदर्भ संख्या : 8/1053/21 / सम्बद्धता / 2018

दिनांक : 11/11/2021

## कार्यालय—ज्ञाप

शासन के पत्र संख्या—1648 / 77—1—2001 दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के अनुसार उ0प्र0 के युवाओं को टैबलेट / स्मार्ट फोन का वितरण प्रस्तावित है। यह योजना विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में सत्र 2021—22 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिया जाना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों का समस्त डेटा यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर उपलब्ध है लेकिन लगातार अवसर प्रदान किये जाने के उपरान्त भी कतिपय विद्यार्थियों द्वारा वर्ष 2021—22 में अपना शुल्क जमा नही किया गया है जिसके कारण वह वर्ष 2021—22 में अध्ययनरत विद्यार्थी की श्रेणी में नही आते है। ऐसे विद्यार्थियों के सम्बन्ध में व्यापक विचार—विमर्श करने के उपरान्त छात्रहित में निर्णय लेते हुए अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए **सम तथा विषम सेमेस्टर के समस्त छात्र / छात्राओं को निर्देशित** किया जाता है कि वह निम्नांकित विश्वविद्यालय प्राधिकारियों (अपनी कक्षा के अनुसार) से सम्पर्क कर **अपनी शुल्क प्रत्येक दशा में 15 नवम्बर, 2021 तक बिना बिलम्ब शुल्क के सेमेस्टर शुल्क यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर लॉगिन कर जमा कर दें यदि उक्त तिथि के बाद भी कोई विद्यार्थी अपनी शुल्क नही जमा करता है तो वह व्यक्तिगत रूप से स्वयं उत्तरदायी होगा।**

| क्रम संख्या | कक्षा | विश्वविद्यालय प्राधिकारी का कार्यालय |
|---|---|---|
| 1. | स्नातक पाठ्यक्रम | सम्बन्धित संकाय के अधिष्ठाता का कार्यालय |
| 2. | परास्नातक पाठ्यक्रम | सम्बन्धित विभागाध्यक्ष का कार्यालय |
| 3. | संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रम | सम्बन्धित संस्थान के निदेशक का कार्यालय |

बी.एससी. पाठ्यक्रम के विद्यार्थी (जीव विज्ञान समूह), बी.एससी. (गणित समूह) और बीए, जिन्हें चौथे सेमेस्टर में पदोन्नत किया गया है, और वे सेमेस्टर 5 और 6 में वे विषय विकल्प का चयन करना चाहते है तो उन्हें अपने विद्यार्थी आईडी का प्रयोग करके अपने यूडीआरसी पोर्टल पर लॉगिन करना होगा। यूडीआरसी पोर्टल के विद्यार्थी लॉगिन टैब पर विस्तृत दिशा—निर्देश उपलब्ध है।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक / प्रभारी, ल0वि0वि0।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0वि0।
4. अधिष्ठाता, प्रवेश / समन्वयक प्रवेश, ल0वि0वि0।
5. निदेशक आई0पी0पी0आर0, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. निदेशक, नवीन परिसर, ल0वि0वि0,
7. इंचार्ज, वेबसाईट / कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. वित्त अधिकारी, ल0वि0वि0।
9. परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0वि0।
10. समस्त उपकुलसचिव / सहा0 कुलसचिव, ल0वि0वि0।

कुलसचिव